प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

22.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कैंसर रोग के उपचार के लिए एम्स दिल्ली की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आपदा प्रबंधन पर कोताही संबंधी विपक्ष के आरोपों को किया खारिज–भाजपा ने आपदा प्रभावितों का अपमान करने का लगाया आरोप।
- पौंग डैम से अत्याधिक पानी छोड़ने से हुए नुकसान पर मामला दर्ज–बीबीएमबी को नुकसान की भरपाई करने के निर्देश।
- प्रदेश में निजी भूमि पर अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए भूमि मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज करेगी सरकार।
- प्रदेश में कल से मॉनसून के फिर से सक्रिय होने की सम्भावना–24 और 25 अगस्त को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार एम्स दिल्ली की तर्ज पर कैंसर रोग के उपचार के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक राकेश कालिया और कुलदीप सिंह राठौर के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि नार्थ–ईस्ट के बाद हिमाचल में कैंसर के सबसे अधिक रोगी सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए राज्य सरकार हमीरपुर में 3 सौ करोड़ रूपए की लागत से बडा अस्पताल खोल रही है।

विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जलशक्ति विभाग में पिछले दो वर्षों में 20 फरवरी तक 92 हजार 6 सौ 19 कार्य विभिन्न श्रेणियों के ठेकेदारों को आवंटित किए गए हैं। इनमें से 74 हजार 3 सौ 36 कार्य पूरे किए जा चुके हैं जबकि 18 हजार 2 सौ 53 कार्य अभी पूरे नहीं हुए हैं। प्रश्नकाल के दौरान एनएचएआई के अधीन गए मार्गों से लोगों को पेश आ रही दिक्कतों का मामला भी सदन में गूंजा।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अहम व्यवस्था देते हुए कहा कि एन.एन.ए.आई. द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित कोई भी प्रश्न विधानसभा में तभी लगाया जाएगा, जब एनएचएआई के अधिकारी यहां मौजूद होंगे। क्योंकि एनएचएआई राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इसको लेकर मुख्यमंत्री और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। उसके बाद ही इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

इससे पहले, लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्होंने इसी संबंध में विधानसभा सचिवालय को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि एनएचएआई से जुड़े सवाल विधानसभा में लगते हैं और इससे संबंधित जानकारी एनएचएआई से मांगनी पड़ती है। वहां से जैसी जानकारी आती है, वैसी ही दी जाती है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि फोरलेन निर्माण के दौरान भूस्खलन, कानून व्यवस्था से संबंधित कई दिक्कतें सामने आ रही हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से भी आग्रह किया कि वे इस पर निर्णय लें।

चर्चा

विधानसभा में नियम 67 के तहत प्राकृतिक आपदा पर हुई चर्चा आज समाप्त हो गई। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी जैसे ही चर्चा का जवाब देने के लिए खड़े हुए तो विपक्षी सदस्य विरोध जताते हुए चुपचाप सदन से बाहर चले गए। जगत सिंह नेगी ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती है और राहत कार्यों को समय पर संचालित किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल आरोप लगाकर सरकार के काम को कमतर दिखाने की कोशिश कर रही है। जगत सिंह नेगी ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वे सराज क्षेत्र तक सीमित रहकर केवल अपना "रोना रोते" रहे, जबकि सरकार पूरे प्रदेश की चिंता कर रही है। जगत सिंह नेगी ने भाजपा शासनकाल में किए गए अवैध निर्माण और वनों की अनदेखी को आपदा का बड़ा कारण बताया। दूसरी ओर भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी पर पलटवार करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का अनादर और आपदा प्रभावितों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने राजस्व मंत्री को अपना व्यवहार सुधारने की सलाह भी दी।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पौंग डैम क्षेत्र में अत्याधिक पानी छोड़ने की वजह से लोगों को हो रहे नुकसान पर बीबीएमबी प्रबंधन के खिलाफ संसारपुर टैरेस में एफआईआर दर्ज कर दी गई है। विधानसभा में विधायक मलेन्द्र राजन द्वारा नियम 62 के तहत लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपने हक की लड़ाई लड़ रही है और केन्द्र सरकार से भी बार–बार आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी की यहां पर तीन परियोजनाएं हैं जिनसे बिजली व पानी की व्यवस्था हो रही है लेकिन इन परियोजनाओं के निर्माण में लोगों की जमीनें चलीं गईं और बडी संख्या में लोग विस्थापित भी हुए हैं। बावजूद इसके हिमाचल के लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौरा और फतेहपुर दोनों क्षेत्रों में पौंग के पानी से तबाही मची है। फतेहपुर में 60 हैक्टेयर जमीन क्षतिग्रस्त हुई है जिसमें फसल बह गई। 23 परिवार यहां से रेस्कयू किए गए हैं। जबकि इंदौरा में सौ हैक्टेयर कृषि जमीन को नुकसान हुआ है।

शून्य काल

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि निजी भूमि पर अवैध खनन पर सरकार निजी भूमि मालिकों के खिलाफ  मामले दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए नए प्रावधान करने की तैयारी में हैं। शून्यकाल के दौरान विधायक भवानी पठानिया द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर लगाम लगाए जाने की मांग पर उद्योग मंत्री ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि जमीन बेशक भूमि मालिक की है लेकिन मिनरल पर अधिकार सरकार का है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि नूरपुर, फतेहपुर व इसके साथ लगते इलाकों में अवैध रूप से खनन के मामले सामने आ रहे हैं। विधायक रीना कश्यप द्वारा उठाए गए सड़क संबंधी मामले पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सडकों के निर्माण व अपग्रेडेशन के लिए हिमाचल प्रदेश को पिछले तीन साल में केन्द्र सरकार से 3 हजार 9 सौ 60 करोड रूपए की राशि मिली है। लोक निर्माण मंत्री ने आर्थिक सहायता के लिए केन्द्र सरकार का आभार भी जताया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पी.एम. गति शक्ति पोर्टल में प्रदेश की 5 सड़कों को शामिल करने का प्रस्ताव भी केन्द्र सरकार को भेजा गया है।

मौसम

प्रदेश में कल से मॉनसून के एक बार फिर सक्रिय होने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज रात से आगामी 27 अगस्त तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती  है। प्रदेश में अगस्त माह में अब तक सामान्य से 32 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है।

***22 अगस्त की देर रात से लेकर 27 अगस्त तक पूरे प्रदेश में ही बारिश का एक बार फिर से दौर जारी होने की संभावना है और इसी दौरान देखिए जो हमारे क्षेत्र हैं जिसमें मध्यवर्दी डिस्ट्रिक हैं मैदानी डिस्ट्रिक हैं यहां पे । हेवी टू हैवी रेनफॉल भी हो सकता है। फिर 23 अगस्त कुछ एक डिस्ट्रिक हैं जिसमें कांगड़ा कुल्लू मंडी, शिमला, सिरमौर हैं। यहां पे हैवी टू वैरी हैवी रेनफॉल होने का ऑरेंज अलर्ट है और 24 अगस्त की बात करें तो डिस्ट्रिक कांगड़ा और सिरमौर के लिए ऑरेंज अलर्ट है। अगस्त माह में एज ऑन 21 अगस्त से पूरे प्रदेश में 32 परसेंट अधिक बारिश दर्ज की गई है।***

मणिमहेश यात्रा

चम्बा जिला में इन दिनों विश्वप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा चल रही है जिसमें रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा पर जा रहे हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं के लिए भरमौर के अलावा होली से भी हैली टैक्सी सेवा उपलब्ध करवाई गई है।

*परमार हेलीपैड की जो परमीशंस है वह डीजीसीए से के द्वारा प्रोवाइड की जा चुकी है। मौसम खराब होने के कारण अभी तक फ्लाइट केवल एक ही दिन हो पाई हुआ परन्तु परमिशन उनके पास अवेलेबल है। साथ ही में जो होली हेलीपैड से जो फ्लाइट्स है वहां से भी जो डीजीसीए की परमिशन है वो एज ऑफ राइट नाउ जो हमें सूचना मिली है कि आज या कल में उनको मिल जाएगी और उसके बाद वहां से भी यात्रियों के लिए श्रद्धालुओं के लिए जो फ्लाइट से उसके सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी।*

" मुख्य समाचार एक बार फिर"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–कैंसर रोग के उपचार के लिए एम्स दिल्ली की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आपदा प्रबंधन पर कोताही संबंधी विपक्ष के आरोपों को किया खारिज–भाजपा ने आपदा प्रभावितों का अपमान करने का लगाया आरोप।
- पौंग डैम से अत्याधिक पानी छोड़ने से हुए नुकसान पर मामला दर्ज–बीबीएमबी को नुकसान की भरपाई करने के निर्देश।
- प्रदेश में निजी भूमि पर अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए भूमि मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज करेगी सरकार।
- प्रदेश में कल से मॉनसून के फिर से सक्रिय होने की सम्भावना–24 और 25 अगस्त को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।